भारतीय स्टेट बैंक (स्टेंड अलोन)

टियर 1 पूंजी	2307691.55
कुल निवेश	43391167.21
लीवरेज अनुपात	
बेसल III लीवरेज अनुपात (%) एसबीआई (एकल)	5.32%

डीएफ- समूह जोखिम : समूह जोखिम के संबंध में अतिरिक्त प्रकटीकरण

31.03.2020 की स्थिति के अनुसार

गुणात्मक प्रकटीकरण	
समूह की कंपनियों के संबंध में * ढ विदेश स्थित बैंकिंग कंपनियां और गैर-बैंकिंग कंपनियां	
सामान्य विवरण	
कॉरपोरेट गवर्नेंस प्रथाएं	समूह की सभी कंपनियों ने कॉरपोरेट गवर्नेंस प्रथाएं अपनाई हैं।
प्रकटीकरण संबंधी प्रथाएं	समूह की सभी कंपनियां प्रकटीकरण की सर्वोत्तम प्रथाएं अपनाती हैं / अनुपालन करती हैं।
समूह के भीतर किए जानेवाले लेनदेन के संबंध में स्वतंत्र नीति का पालन	स्टेट बैंक समूह के भीतर किए जानेवाले सभी लेनदेन स्वतंत्र आधार पर किए गए हैं चाहे उनकी वाणिज्यिक शर्तें हों या प्रतिभूतियों के लिए प्रावधान जैसे मामले।
विपणन, ब्रांडिंग और एसबीआई के प्रतीक चिह्न का साझा उपयोग	समूह की किसी भी कंपनी ने एसबीआई के प्रतीक चिह्न का इस ढंग से कभी उपयोग नहीं किया जिससे आम लोगों में यह संदेश जाए कि साझे विपणन, ब्रांडिंग में समूह की कंपनियों को एसबीआई का अव्यक्त समर्थन है।
वित्तीय सहायता का ब्योरा, #यदि कोई हो	समूह की किसी भी कंपनी ने समूह की किसी भी अन्य कंपनी को न तो कोई वित्तीय सहायता प्रदान की है / न ही प्राप्त की है ।
समूह की जोखिम प्रबंधन नीति की अन्य सभी बातों का पालन	समूह की जोखिम प्रबंधन नीति की सभी बातों का समूह की कंपनियों द्वारा दृढ़तापूर्वक पालन किया जाता है।

समूह के भीतर किए गए निम्नलिखित लेनदेन मोटे तौर पर ‘‘वित्तीय सहायताटट माने गए हैं :

(क) समूह में एक कंपनी से दूसरी कंपनी को पूंजी या आय का अनुपयुक्त अंतरण ;

(ख) समूह की इकाईयों को जिस स्वतंत्र नीति का पालन करते हुए करोबार करना होता है, उसका उल्लंघन करना ;

(ग) समूह के भीतर हर कंपनी की ऋण चुकौती क्षमता, नकदी की स्थिति और लाभप्रदता पर प्रतिकूल प्रभाव;

(घ) पूंजीगत अथवा अन्य नियामक अपेकक्षाओं का पालन न करना ;

(ङ) ‘प्रति चुकौती में चूक संबंधी शर्तोंट को लागू करना जिसके अंतर्गत किसी संबद्ध कंपनी द्वारा की गई वित्तीय या अन्य चूक को बैंक के अपने दायित्वों की पूर्ति में चूक माना जाता है।

* सम्मिलित कंपनियां :

बैंक - विदेश में स्थित	**गैर - बैंकिंग**
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कनाडा)	एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लि.
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कैलिफोर्निया)	एसबीआई कार्डस एंड पेमेंट सर्विसेस प्राइवेट लि.
एसबीआई (मॉरीशस) लि.	एसबीआई डीएफ़एचआई लि .
पीटी बैंक एसबीआई इंडोनेशिया	एसबीआई फंड्ज मैनेजमेंट प्राइवेट लि.
कमर्शियल इंडो एलएलसी, मास्को	एसबीआई जनरल इन्शुरेंस कंपनी लि.
नेपाल एसबीआई बैंक लि.	एसबीआई ग्लोबल फैक्टर्स लि.
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (बोत्सावाना) लि.	एसबीआई लाइफ इन्शुरेंस कंपनी लि.
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (युके)	एसबीआई पेंशन फंड्ज प्राइवेट लि.
	एसबीआई-एसजी ग्लोबल सेक्यूरिटीज सर्विसेस प्रा लि.

31 मार्च 2020 को ग्लोबल सिस्टेमिकली इम्पोरटेंट बैंक (G-SIBs) के निर्धारण संकेतकों से संबंधित प्रकटीकरण बैंक की वेबसाइट http://www.sbi.co.in पर corporate-governance के अंतर्गत अलग से प्रकट किए गए हैं।